एक नजर में

ग्राम पंचायत एमागिर्द में अवैध अतिरिक्त कार्यालय बंद, सचिव निलंबित

शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

बुरहानपुर। जिले की ग्राम पंचायत एमागिर्द में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों का आज एक बड़ा पर्दाफाश हुआ है। जनपद पंचायत बुरहानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ;सीईओ को शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह ने मौके पर बुलवाकर सिंधी बस्ती बायपास रोड पर संचालित एक अवैध अतिरिक्त ग्राम पंचायत कार्यालय को बताया जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया है। इस कार्यालय में सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी द्वारा विभिन्न भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यों का संचालन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह द्वारा की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान सभी फाइलेंए दस्तावेज और कागजात जब्त कर लिए गए हैं तथा पंचायत सचिव फिरोज तडवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा यह मामला ग्रामीण प्रशासन में पारदर्शिता और कानूनी प्रावधानों की घोर अवहेलना का एक स्पष्ट उदाहरण है। ग्राम पंचायत एमागिर्द का आधिकारिक सरकारी कार्यालय पहले से ग्राम लोधीपुरा में स्थापित है, जहां सभी सरकारी कार्यों का संचालन होना चाहिए। हालांकि, सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी ने सिंधी बस्ती बायपास रोड पर एक अतिरिक्त कार्यालय स्थापित कर रखा था,जो पूरी तरह से गैरकानूनी था। सरकारी नियमों और प्रावधानों के अनुसारए किसी भी ग्राम पंचायत के लिए एक से अधिक कार्यालय स्थापित करने की कोई अनुमति नहीं है। इस अवैध कार्यालय में न केवल भ्रष्टाचारपूर्ण गतिविधियां चल रही थीं, बल्कि आधिकारिक सरकारी फाइलें और दस्तावेज भी यहां स्थानांतरित कर रखे गए थे, जो सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का गंभीर मामला है।

बुरहानपुर से देश को मिली ऐतिहासिक सौगात : भारत की पहली डिजिटल हेल्थ कार्ड आधारित स्वास्थ्य सेवा

बुरहानपुर। भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था में एक क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत करते हुए अनित्य हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बुरहानपुर जिले से भारत की पहली डिजिटल हेल्थ कार्ड आधारित स्वास्थ्य सेवा का भव्य शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार महेश मावले, गणेश दुगने,गोपाल देवकर, अशोक शाह एवं सभी पत्रकार साथियों के माध्यम से किया गया। यह कंपनी भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ;डब्द्ध से विधिवत पंजीकृत है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को किफायती, सुलभ, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। कंपनी द्वारा जारी डिजिटल हेल्थ कार्ड के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, जांच,सर्जरी एवं दवाइयों पर 10 से 30 प्रतिशत तक की सुनिश्चित छूट प्रदान की जाएगी।

डिजिटल हेल्थ कार्ड, स्वास्थ्य सुरक्षा का नया आधार:- अनित्य हेल्थ इंडिया द्वारा जारी डिजिटल हेल्थ कार्ड से जिले के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित। निजी अस्पतालों,विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैथोलॉजी लैबों, डायग्नोस्टिक सेंटरों, मेडिकल स्टोर्स में मरीजों को विशेष प्राथमिकता उपचारए रियायती सेवाएँ तथा आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

बुरहानपुर से राष्ट्रीय पटल की ओर :- कंपनी के संस्थापक महेश मावले ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक ऐतिहासिक नवाचार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्टार्टअप्स को दिए जा रहे प्रोत्साहन से युवा उद्यमियों को नई ऊर्जा मिल रही है। कंपनी के युवा डायरेक्टर्स आकांक्षा मावले एवं अनित्य मावले के नवाचार, दृष्टि और समर्पण से यह स्टार्टअप साकार हो सका है। उसी प्रकार बुरहानपुर से प्रारंभ यह स्वास्थ्य सेवा आने वाले समय में पूरे देश के करोड़ों नागरिकों को लाभान्वित करेगी।

श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में दूध धारा परिक्रमा

बुरहानपुर। एकादशी के पावन पर्व पर एवं मकर संक्रांति की पावन पर्व पर श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में प्रात: काल दूध धारा के साथ परिक्रमा हुई श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने बताया कि पर्वकाल मै आप को मकर संक्रांति के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ आपको सूर्यदेव के उत्तरायण होने के इस शुभ अवसर पर आपके जीवन में सुख,समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता का प्रकाश फैले। तिल/गुड़ की मिठास जैसे आपके संबंधों में प्रेम बना रहे और पतंगों की ऊँचाई जैसे आपके सपने सदा बुलंद हों। स्वभाव भी इंसान की अपनी कमाई हुई सबसे बड़ी दौलत है कितना भी किसी से दुर हो,पर स्वभाव के कारण आप किसी न किसी पर यादों में आ ही जाते हो। सत्संग में आपने बताया आनंद एक आभास है जिसे हर कोई ढूंढ रहा है दुख एक अनुभव है जो आज हर एक के पास है फिर भी जिंदगी में वही कामयाब है जिसको अपने आप पर विश्वास है। आज सारा आकाश रंगबिरंगी पतंगों से छाया रहता। जैसे फटी पतंग की मरम्मत करके वापस उड़ाया जा सकता है वैसे ही जिंदगी के छोटे मोटे दु:खों को भूलकर आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में अनूप भाई तारक , लालू भाई मास्टर , सुभाष तारकस ,ललित भाई ,दिनेश भाई पाटीदार ,गिरीश भाई लाड ,विनय भाई मेहता ,सुनीता बेन तारकश ,सीताबेन कापड़िया एवं मंदिर अध्यक्ष हेमेंद्र भाई गोविंदजीवाला एवं वैष्णव समूह बड़ी मात्रा में थे।

तीन स्थानीय अवकाश घोषित

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग,मंत्रालय वल्लभ भवन,भोपाल के परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने संपूर्ण जिले के लिये वर्ष.2026 में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जारी आदेशानुसार 10 सितम्बर, 2026 दिन गुरुवार को पोला पिठोरा, 25 सितम्बर, 2026 दिन शुक्रवार को अनंत चतुदर्शी और 19 अक्टूबर, 2026 दिन सोमवार को दुर्गानवमी,महानवमी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किये गये है। यह अवकाश बैंक एवं कोषालयध्उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

16 .82 करोड़ की लागत से शनवारा-लालबाग मार्ग निर्माण कार्य शुरू

औपचारिक भूमिपूजन शीघ्र होगा : चिटनिस

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर नगरवासियों के लिए राहत और विकास की एक और बड़ी सौगात के रूप में बहुप्रतीक्षित शनवारा. सिंधीबस्ती से लालबाग रेलवे स्टेशन तक व्हाइट टॉपिंग सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 16 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य राज्य सरकार द्वारा वर्क ऑर्डर जारी होने के पश्चात विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के निर्देश पर मौके पर प्रारंभ कराया गया है। औपचारिक भूमिपूजन कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिए प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

निर्माण कार्य प्रारंभ अवसर पर अर्चना चिटनिस स्वयं क्षेत्रवासियों के साथ कार्यस्थल पर उपस्थित रहीं और लोक निर्माण विभाग एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाएए ताकि नागरिकों को शीघ्र सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

चिटनिस ने बताया कि यह मार्ग बुरहानपुर शहर की जीवनरेखा के समान हैए जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग शनवाराए सिंधीबस्तीए इंदिरा कॉलोनीए आदर्श कॉलोनीए लालबाग एवं लालबाग रेलवे स्टेशन सहित अनेक घनी आबादी वाले क्षेत्रों का प्रमुख आवागमन मार्ग है। लंबे समय से नागरिक इस सड़क के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे थेए जिसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराया गया।

4 किलोमीटर लंबा टू-लेन सीमेंटीकृत मार्ग बनेगा:- श्रीमती चिटनिस ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यह परियोजना व्हाइट टॉपिंग तकनीक से लगभग 4 किलोमीटर लंबाई में निर्मित की जाएगी। दोनों ओर 7.7 मीटर चौड़ी लेन एवं मध्य डिवाइडर का सुव्यवस्थित निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डिवाइडर पर 50 लाख रुपए की लागत से रैलिंग निर्माण की भी स्वीकृति मिली हैए जिससे मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण होगा और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी।

सर्वप्रथम लालबाग से शनवारा तक साइड का कार्य प्रारंभ:- बहुप्रतीक्षित शनवारा. लालबाग मार्ग निर्माण कार्य के अंतर्गत सर्वप्रथम लालबाग से शनवारा तक वाली साइड का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। यह हिस्सा लंबे समय से अत्यधिक जर्जर अवस्था में थाए जिससे नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की मांग और समस्या की गंभीरता को देखते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने प्राथमिकता के आधार पर इस साइड से निर्माण कार्य शुरू करवाया हैए ताकि नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस बहुप्रतीक्षित शनवारा.लालबाग मार्ग निर्माण की स्वीकृति और कार्य प्रारंभ कराने हेतु श्रीमती अर्चना चिटनिस ने लगातार शासन.प्रशासन स्तर पर प्रभावी प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित संबंधित उच्चाधिकारियों से निरंतर संवादए प्रस्ताव तैयार कराना और स्वीकृति दिलाना उनके सतत प्रयासों का परिणाम हैए जिससे आज बुरहानपुर नगर को यह बड़ी विकास सौगात प्राप्त हुई है।

आमजन की असुविधा को देखते हुए जरूरी था : सांसद

उल्लेखनीय हैं कि बुरहानपुर के व्यस्ततम मार्ग शनवारा.सिंधीबस्ती से लालबाग रेलवे स्टेशन तक व्हाइट टॉपिंग सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश जी द्वारा सांसद सहित जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर स्वीकृत किया गया है। कुछ दिन पूर्व ही राज्य सरकार द्वारा वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए थे। अब विधिवत इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया हैं। इस अवसर पर सांसद पाटील ने कहा कि यह मार्ग बुरहानपुर शहर की जीवन रेखा के समान है, रोज हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। यह मार्ग न केवल शहर को जोड़ता है, बल्कि लालबाग रेलवे स्टेशन, उपनगर लालबाग, सिंधीबस्ती, शनवारा,लक्ष्मी नगर इंदिरा कॉलोन, आदर्श कॉलोनी सहित कई रहवासी क्षेत्रों के लिए प्रमुख आवागमन का साधन है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इस मार्ग को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से तैयार किया जाएगा। करीब 4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में दोनों ओर 7.7 मीटर चौड़ी लेन का निर्माण किया जाएगा। सड़क के मध्य स्थित डिवाइडर को भी सुव्यवस्थित रूप से विकसित किया जाएगा ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। लालबाग स्टेशन रोड शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है।

लालबाग में आयोजित हिंदू सम्मेलन बना जीरो वेस्ट इवेंट

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में बीते 11 जनवरी को लालबाग स्थित आयोजित हिंदू सम्मेलन ने पर्यावरण संरक्षण की एक नई मिसाल पेश की। आयोजन समिति ने पूरे कार्यक्रम को पूर्णत: जीरो वेस्ट के रूप में आयोजित कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।

परंपरा और पर्यावरण का संगम:-सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ प्लास्टिक के डिस्पोजेबल बर्तनों का नामोनिशान नहीं था। पधारे हुए हजारों नागरिकों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था में पारंपरिक व टिकाऊ संसाधनों का उपयोग किया गया रीयूजेबल बर्तन भोजन के लिए रीयूजेबल प्लास्टिक प्लेट और कटोरियों का उपयोग हुआ धातु के पात्र पेयजल के लिए स्टील के गिलास और पीतल.तांबे के लोटों का इस्तेमाल किया गया। नगर निगम के आई ई सी टीम स्वच्छता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज नुक्कड़ नाटक से दी प्रस्तुति देकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध है। नगर निगम की अलाइड संस्था के द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि किस प्रकार सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे नदी.नालों को चोक कर रहा है, बेजुबान गायों की मृत्यु का कारण बन रहा है और भूमि की उर्वरता नष्ट कर रहा है। कलाकारों ने उपस्थित जनसमूह को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कपड़े की थैली और स्टील की बोतलें अपनाने का संकल्प दिलाया।

जनभागीदारी से बढ़ते कदम : नगर निगम प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब बड़े धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में इस तरह की सतर्कता बरती जाती है, तभी शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सकता है। सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने बताया कि शहरवासियों ने भी इस जीरो वेस्ट मॉडल को सराहा और भविष्य में अपने निजी आयोजनों को भी इसी तरह संपन्न करने की बात कही। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा उप स्वस्थ अधिकारी, गणेश पाटिल,रामेश्वर महाजन, धनराज चौधरी, रोहित, मोहित,निगम की टीम सफाई मित्र उपस्थित थे।

कृषक चौपाल : वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती को लेकर दिया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज,

इच्छापुर। ग्राम इच्छापुर में मध्य प्रदेश कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्राम इच्छापुर में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अमोल देशमुख एवं कृषि विस्तार अधिकारी गोलू वर्मा संस्था स्व. आधार समूह से श्री गोकुल घाटे, ग्राम के पूर्व सरपंच संजय पवार सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक श्री अमोल देशमुख द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा जीवामृतए बीजामृत एवं नीमास्त्र बनाने की विधि विस्तार से बताई गई।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पतंग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अ.भा.मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना महिला शाखा के संयुक्त तत्वाधान में पतंग उत्सव का आयोजन किया गया स मंच प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी भवन पर मंच के सभी साथियों ने दोपहर से शाम 6 बजे तक पतंग उत्सव हर्षउल्लास के साथ मनाया। प्रोजेक्ट चेयरमैन विशाल सेठिया ने अवगत कराया की डीजे की धुन पर सभी साथियों ने पतंग उत्सव का भरपूर आनंद लिया। चली चली रे मेरी पतंग हवा में चली से पतंग हवा में उड़ रही थी। जो पतंग काटती जा रही तो मंच के सभी साथि मिलकर जोर से चिल्लाते काटा है स नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ साथ उनके मम्मी पापा ने भी इस उत्सव का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में सभी पूर्व अध्यक्ष एवं मंच के साथी एवं चेतना महिला शाखा की अध्यक्षा रूपल मुंदडा सहित सभी उनके साथी उपस्थित थे। सभी ने इस उत्सव का खूब आनंद उठाया स प्रोजेक्ट चेयरमैन साथी सुनील मुदंडा एवं राजकरण बोथरा ने कार्यक्रम को काफी अच्छी तरह से आयोजित किया स मंच सचिव शुभम जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का आभार व्यक्त किया।

दाऊदी बोहरा समाज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर मे दरगाह हकीमी प्रबंधन द्वारा दाऊदी बोहरा समाज द्वारा 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सैफी हॉस्पिटल मुंबई के स्पेस्लिस्ट डॉक्टर्स की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।अंजुमन जाकवी जमता च्त्व् कमेटी कोऑडिनटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बातया की दरगाह ए हकीमी दाऊदी बोहरा समाजजनों के एक विशेष जाँच शिविर का शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली एवं दरगाह कमेटी के प्रबंधक शेख शब्बीर भाई साहब एवं शेख मुस्तुफा भाई उज्जैनी की सादरत मे आयोजित किया गया।

दरगाह ए हकीमी प्रबंधन एवं मुख्य अतिथियों द्वारा मुंबई से आये विशेषज्ञ डॉक्टर्स को पुष्प गुच्छा देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया।

बुरहानपुर मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे मुंबई सैफी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम द्वारा मरीजों की निशुल्क जाँच कर उन्होंने उचित परामर्श दिया गया शिविर मे बड़ी संख्या मे दाऊदी बोहरा जनो ने हिस्सा लिया जिसमे पहले दिन करीब 500 मरीजों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया।

मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यशाला का आयोजन

नेपानगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय नेपानगर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षणए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ता सीमा डेविड, डॉ नयन मालवीय मनोविशेषज्ञ ने कहा कि व्यक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ होना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य में क्या बीमारी है यह हम सभी जान पाते हैंए जबकि मानसिक स्वास्थ्य को आसानी से न जाना जा सकता है और ना आसानी से समझा जा सकता है। व्यक्ति ऊपर से तो स्वस्थ नजर आ सकता है पर वही अंदर ही अंदर मानसिक रूप से कमजोर हो चुका होता है। आज के दौर में माता, पिता सहित अन्य रिश्तेदार बच्चों से आवश्यकता से अधिक अपेक्षा लगा लेते हैं जिनका पूरा करते करते बच्चे कब मानसिक रूप से बीमार हो जाते है

शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी मिले : महापौर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में पाइप लाइन का सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि आम जनता को स्वच्छ पानी सुचारु रूप से मिल सके ।

आज भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दल ने पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया जैसे प्रगति नगर में पाइप लाइन सुधार कार्य,न्यामतपूरा में लीकेज रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कियाएसैय्यद नगर नाथवाडा जोनएसंपत नगर तिलक वार्ड नाथवाडा,जोन,गंगा नगर में पाइप लाइन में सुधार कार्य कर पानी चालू किया।

निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर की जनता को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े इसलिए जनता को स्वच्छ पानी प्रदाय हो सर्वप्रथम हमारी प्राथमिकता है।

नगर निगम जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय हैंए खासकर इंदौर में हुई घटना के बादएजल गुणवत्ता जांचए लीकेज की मरम्मत ;रोबोट द्वारा भीद्धए ळप् मैपिंगए और हर मंगलवार श्जल सुनवाईश् आयोजित करने के निर्देश दे रहे हैंए ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिले। हमारी जल विभाग के अधिकारी कर्मचारी 24 घंटे हाई अलर्ट पर है।

नगर निगम बुरहानपुर द्वारा जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं नगर निगम ने वार्डो में जाकर स्लूइस वॉल्व रिपेयरिंग कर पाइपलाइन रिपेयर सुधार कार्य किया गया।

जल समस्या से कोई भी शिकायत की निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी है किया गया है 9630028148 पर आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हो निराकरण करने के लिए नगर निगम की टीम 24 घंटे तत्पर है। इस दौरान सहायक यंत्री अशोक पाटिल,उपयंत्री सुनील चौहान, संतोष सुखदाने, नितिन तिवारी आदि जल विभाग की टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है।

एक नजर — मकर संक्रांति पर लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित...

हल्दी-कुमकुम, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले की लाड़ली बहनों के खातों में माह जनवरी की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, जिला स्तरीय कार्यक्रम परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम बुरहानपुर में किया गया।

कार्यक्रम में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नगर निगम अध्यक्ष अनिता यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, अध्यक्ष मनोज माने,अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति भारती अवास्या सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।

विधायक अर्चना चिटनिस ने एसआईआर के तहत किये गये कार्यों के लिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग एक महत्वपूर्ण कड़ी हैए जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएँ जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं को सफल बना रही हैं। जब महिलाओं के हाथ में धन आता ह, तो वह परिवार,बच्चों के पोषण एवं शिक्षा में सहायक होता है। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने भी अपने संबोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाएँ प्रभावी है। उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

हल्दी.कुमकुम कार्यक्र म:- मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हल्दी.कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया ।

हितग्राहियों ने साझा किये अपने अनुभव:- कार्यक्रम अवसर पर मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिका को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों ने अपने.अपने अनुभव भी साझा किये और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

महिलाओं के लिये लगा स्वास्थ्य शिविर:- राशि अंतरित कार्यक्रम में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ। जिसमें बीपीए शुगरए हिमोग्लोबिन सहित अन्य जांचे की गयी।

नाटक के माध्यम से किया जागरूक:- कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गयी। वहीं कार्यक्रम में आकर्षक रंगोलियाँए चित्रकला, भजन इत्यादि गतिविधियां आयोजित रहीं।